प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

19.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने स्वास्थ्य विभाग को सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को गुणवत्तायुक्त दवाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शिमला में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही लगभग एक सौ करोड़ रुपये की दवाओं की खरीद के लिए टेंडर जारी करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दवाएं सीधे दवा निर्माता कंपनियों से खरीदी जाएंगी, जिससे सरकारी अस्पतालों में मरीजों को विश्वस्तरीय दवाइयां मिल सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के दृष्टिगत अनेक कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने खाद्य व नागरिक आपूर्ति निगम को भी जन औषधि व अन्य दवा दुकानों के लिए दवाइयां अधिकृत डीलरों के बजाय सीधे दवा कंपनियों से खरीदने के निर्देश दिए।

शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पार्टी पर विकसित भारत जी राम जी अधिनियम को लेकर देश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। नई दिल्ली में उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत कांग्रेस द्वारा दिए गए अधिकार केवल कागजों तक ही सीमित रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह अधिनियम पूरे देश में लागू होगा और प्रत्येक ग्राम पंचायत इसके दायरे में आएगी। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कम से कम एक सौ 25 दिनों का रोजगार सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिलाओं, दिव्यांगजनों और गरीबों को प्राथमिकता दी गई है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि नए अधिनियम में निर्धारित समय के भीतर रोजगार न मिलने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान है।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार, ने कहा है कि बूथ सशक्तिकरण भाजपा संगठन का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसके माध्यम से पार्टी बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं से संवाद करती है और संगठन कार्यक्रमो को आगे बढ़ाती है।

ठियोग–कुमारसैन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम केन्द्र नहोल–टयाली के पांच बूथों की संयुक्त बैठक में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए सिकंदर कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपना बूथ सबसे मजबूत के ध्येय के साथ निरंतर काम करती है। उन्होंने कहा कि बूथ पर कार्य करने वाले कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है जो अपने अथक परिश्रम से पार्टी को मजबूत करते हैं। सिकंदर कुमार ने बूथ कार्यकर्ताओं द्वारा संगठन के विस्तार व सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है और यह सब कार्यकर्ताओं के समर्पण व मेहनत से संभव हो पाया है।

वंदे मातरम

वंदे मातरम गीत के एक सौ 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देश भर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन के चौगान मैदान में भी भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां पुलिस बैंड ने देश भक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक निश्चिंत सिंह नेगी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को देश भक्ति की भावना से जोड़ना है। उन्होंने युवाओं से देश प्रेम के साथ–साथ नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

शाह–स्थापना दिवस

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज राष्ट्रीय आपदा मोचन बल– एनडीआरएफ को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि आपदाओं के दौरान राष्ट्र के भरोसे का स्तंभ एनडीआरएफ ही है। गृहमंत्री ने कहा कि आपदा–प्रतिरोधी देश बनाने के सरकार के संकल्प को साकार करने में यह प्रतिक्रिया बल महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।